उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्या :: **24/16/E-03/DR(RO/ARO)/2023-24** दिनांक :: 24 मई, 2024

<u>विस्तृत विज्ञप्ति</u>

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सचिवालय/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग/राजस्व परिषद कार्यालय में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023 हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्याः A-1/E-3/DR(RO/ARO)/2023 दिनांक 08 सितम्बर 2023 के सापेक्ष दिनांक 17 दिसम्बर 2023 को आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम विज्ञप्ति संख्या– 332/21/RO-ARO/G-2/2023-24, दिनांक 29 फरवरी 2024 एवं संख्या–30/21/RO-ARO/G-2/2023-24, दिनांक 13 मई 2024 द्वारा घोषित किया गया है।

2. प्रारम्भिक परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सफल घोषित 2286 अभ्यर्थियों से मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। ऑनलाईन आवेदन पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा मुख्य परीक्षा का केन्द्र (Examination Centre) तथा निर्धारित प्रक्रियानुसार मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा कराया जाना है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट www.ukpsc.gov.in पर दिये गये लिंक का प्रयोग करते हुए मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना व निर्धारित अंतिम तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

3. मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 26.10.2024 एवं 27.10.2024 को हरिद्वार व हल्द्वानी नगरों में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। मुख्य परीक्षा के शुल्क का भुगतान Net Banking/Debit Card/Credit Card/UPI Payment के माध्यम से जमा करने व नगरो का विकल्प चयनित करने के लिये संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् है–

1.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जाने व मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क Net Banking/Debit Card/Credit Card/UPI Payment के माध्यम से जमा किये जाने की प्रारम्भ तिथि	27.05.2024(सोमवार)
2.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जाने व मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क Net Banking/Debit Card/Credit Card/UPI Payment के माध्यम से जमा किये जाने की अंतिम तिथि	16.06.2024(रविवार) (रात्रि 11.59 बजे तक)

4. सभी अभ्यर्थी अपनी श्रेणी के अनुसार तथा अन्य उपश्रेणी के अभ्यर्थी अपने मूल श्रेणी के सापेक्ष निम्नानुसार शुल्क जमा करेंगेः—

क्र0सं0 (Sr. No.)	श्रेणी (Category)	आवेदन—शुल्क (Application Fees)	प्रोसेसिंग शुल्क टैक्स सहित (Processing Fees with Tax)	कुल शुल्क (Total Fees)
1	अनारक्षित	रु0 200.00	रु0 22.30	रु0 222.30
2	उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग	रु0 200.00	रु0 22.30	रु0 222.30
3	उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति	रु0 80.00	रु0 22.30	रु0 102.30
4	उत्तराखण्ड आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	रु0 200.00	रु0 22.30	रु0 222.30
5	शारीरिक दिव्यांग	कोई शुल्क नहीं	रु0 22.30	रु0 22.30
6	उत्तराखण्ड राज्य मे ंसंचालित स्वैच्छिक / राजकीय गृहो ंमें निवासरत अनाथ बच्चे	कोई शुल्क नहीं	कोई शुल्क नहीं	कोई शुल्क नहीं

नोट :— उत्तराखण्ड राज्य के पूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित एवं उत्तराखण्ड महिला अभ्यर्थी जिस वर्ग या श्रेणी, यथा—अनारक्षित या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी का हो, उसे उसी वर्ग / श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

5. अभ्यर्थी द्वारा इस स्तर पर अपने कोई भी अभिलेख आयोग कार्यालय में प्रेषित नहीं किये जाने है। मुख्य परीक्षा के उपरांत सफल अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन वरीयता भरे जाने एवं अभिलेख सत्यापन के सम्बन्ध में पृथक से विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी।

6. ऑनलाइन आवेदन पत्र न भरे जाने व मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क न जमा करने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी अनुरोध स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

Sd/

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।